राष्ट्रीय सहारा
राष्ट्रीयता ■ कर्त्तव्य ■ समर्पण
27.10.2018

खेल ने दिखायी जीने की राह : पद्मश्री दीपा

■ सहारा न्यूज ब्यूरो

वाराणसी।

आईआईटी बीएचयू में तीन दिवसीय वार्षिक खेल समारोह स्पर्धा 2018 का शुक्रवार को पैरा ओलम्पियन दीपा मलिक, भारतीय हॉकी टीम के पूर्व कप्तान सरदार सिंह व भारतिय महिला क्रिकेट टीम की विकेट कीपर व बल्लेबाज सुषमा वर्मा द्वारा सामूहिक रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर उद्घाटन हुआ। 28 अक्तूबर तक 21 प्रतियोगिताओं में देश की विभिन्न आईआईटी, विश्वविद्यालयों, कॉलेजों के 1500 से अधिक प्रतिभागी अपना कौशल दिखाएंगे।

उद्घाटन समारोह की मुख्य अतिथि पैरा ओलम्पियन पद्मश्री दीपा मलिक ने कहा कि 19 वर्ष पूर्व ट्यूमर की बीमारी के चलते चिकित्सकों ने हमें एकबार निराश कर दिया था, लेकिन हमें खेल ने ही जीने की राह दिखायी और राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्री स्तर पर देश का नाम बुलंद किया। उन्होंने कहा कि शारीरिक रोग को भी आत्मबल पछाड़ देता है, जैसे की वह कर दिखायी। उन्होंने कहा कि जिस खेल को उन्होंने आजमाया उसमें सफलता अवश्य मिली। उन्होंने प्रतिभागियों में अपने अनुभव को साझा किया। भारतीय क्रिकेट टीम की विकेट कीपर व बल्लेबाज सुषमा वर्मा ने कहा कि वह भी गांव की एक लड़की है, जहां पर गलियों से उन्होंने क्रिकेट खेलना सीखा, कहा कि एक समय था जब गांव की लड़किया घर से बाहर किसी खेल में भाग लेने जाती थी तो लोग मना करते थे, लेकिन आज समय बदल गया है और लड़कियां भी क्रिकेट जैसे खेल में बढ़चढ़ कर भाग ले रही हैं जिसका परिणाम है कि आग भारत महिला क्रिकेट टीम दुनियां में जानी जाती है।

भव्य समारोह के साथ बीएचयू आईआईटी 'स्पर्धा-2018' का आगाज

फुटबॉल व वालीबॉल में बीएचयू जीत अभियान शुरू : शुक्रवार को वॉलीबाल,बैडमिंटन, फुटबॉल एवं क्रिकेट के साथ महोत्सव की शुरूआत हुई। सभी खिलाडियों ने खेल की भावनाओ को बरकरार रखते हुए खेला। महिला वालीबॉल में एनआईटी त्रिची एवं आईआईटी (बीएचयू) ने 2-0 के साथ मुकाबले जीते। वही पुरुष वर्ग में आईआईटी (बीएचयू) अ एवं केएन आईटी सुल्तानपुर ने 2-0 से साथ मुकाबले जीते। फुटबॉल में केएनआईटी सुल्तानपुर, बीएसएसएस भोपाल, वीआईटी भोपाल ने 3-0 से एवं आईआईटी (बी.एच. यू.)-अ ने 9-0 के साथ जीत हासिल की है। क्रिकेट में ईवर्टिस, केएनआईटी, बिट्स पटना, एसपीए भोपाल एवं आईआईटी (बीएचयू) ने बाजी मारी। स्पर्धा संयोजक सौरभ कुमार मीणा और जनसंपर्क टीम की सदस्य इंशिता हंगर ने कल बताया था कि समारोह के लिए आईआईटी दिल्ली, खड़गपुर, धनबाद, कानपुर, इलाहाबाद और एनआईटी त्रिची सहित अन्य टीमें प्रतिभाग करेंगी।

हॉकी में खेल सुविधाओं के साथ बेहतर कोचिंग की जरूरत : सरदार सिंह

वाराणसी। भारतीय हॉकी टीम के पूर्व कप्तान सरदार सिंह ने कहा कि हॉकी में सुविधाएं तो बहुत बढ़ी हैं लेकिन इसके बेहतरी के लिए अच्छी कोचिंग की जरूरत है। श्री सिंह शुक्रवार को आईआईटी, बीएचयू में आयोजित वार्षिक खेल प्रतियोगिता 'स्पर्धा-2019' के उद्घाटन समारोह में बतौर विशिष्ट आतिथि आये थे। एक अनौपचारिक मुलाकात में पत्रकारों से उन्होंने कहा कि जिस समय देश में एस्ट्रोटर्फ की सुविधाएं नहीं थी उस समय घास के मैदान से अच्छे हॉकी खिलाड़ी निकले। लेकिन आज सुविधाएं बढ़ी जरूर हैं लेकिन जरूरत है अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षण की। उन्होंने कहा कि देश की हॉकी में काफी सुधार हुआ है और भविष्य में भी बेहतर होने की संभावनाएं हैं। अपने भविष्य की योनाओं पर चर्चा करते हुए श्री सिंह ने कहा कि टीम से सन्यास लेने के बाद हॉकी को पुनः राष्ट्रीय पहंचान दिलाना उनका मुख्य उद्देश्य है इसके लिए ग्रासरूट लेबल से हॉकी के खिलाड़ियों को तरासने का कार्य करेंगे।